प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

28.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

अधिसूचना

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना आज जारी की जाएगी। इस चरण में 12 राज्यों की 88 लोकसभा सीटों, केन्द्रशासित प्रदेशों और बाहरी मणिपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के शेष भागों में चुनाव करवाया जाएगा। पहले चरण में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में 8–8, मध्य प्रदेश में 7 और असम और बिहार में 5–5 सीटों के लिए मतदान होगा। इसी चरण में पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ की 3–3 सीटों और मणिपुर, त्रिपुरा, और जम्मू–कश्मीर में एक–एक सीट के लिए मतदान होगा। नामांकन 4 अप्रैल तक भरे जा सकते हैं और 26 अप्रैल को मतदान होगा। जम्मू–कश्मीर को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में नामांकन–पत्रों की जांच 5 अप्रैल और जम्मू–कश्मीर में नामांकन–पत्रों की जांच 6 अप्रैल को की जाएगी।

सेना कमांडर सम्मेलन

सैन्य कमांडरों का सम्मेलन आज नई दिल्ली में शुरू हो रहा है। सम्मेलन ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से होगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बैठक को संबोधित करेंगे और अगले महीने की दो तारीख को वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से बातचीत करेंगे। आज सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडेय कमान मुख्यालयों से सम्मेलन में भाग ले रहे सैन्य कमांडरों से वर्चुअली संवाद करेंगे। बातचीत में सेना के सम्मुख आने वाली समस्याओं और सैनिकों के हित से संबंधित मुद्दों पर मुख्य रूप से चर्चा होगी। बैठक में विभिन्न कल्याणकारी उपायों और वित्तीय सुरक्षा योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सम्मेलन के अंतिम दिन दो अप्रैल को प्रमुख सेनाअध्यक्ष अनिल चौहान, नौ सेना

प्रमुख आर. हरि कुमार और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी. आर. चौधरी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

को–ऑर्डिनेशन कमेटी

प्रदेश में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव को देखते हुए कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक कल चंडीगढ़ में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की रणनीति, प्रत्याशियों के चयन और सरकार व संगठन में आपसी तालमेल बिठाने को लेकर चर्चा की गई। जानकारी के अनुसार लोकसभा की दो सीटों मंडी और हमीरपुर पर लगभग सहमति बन गई है। मंडी सीट से वर्तमान सांसद और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और हमीरपुर सीट पर ऊना से पूर्व विधायक सतपाल रायजादा का नाम तय माना जा रहा है। स्क्रीनिंग कमेटी की आगामी बैठक 5 अप्रैल को और छह अप्रैल को सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की बैठक दिल्ली में होगी। उधर, बैठक के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने चारों लोकसभा और 6 विधानसभा उपचुनावों में जीत का दावा किया है। वहीं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि उन्होंने टिकट पर फैसला हाईकमान पर छोड़ दिया है।

कांग्रेस वर्किंग प्रेसिडेंट

लोकसभा चुनाव के बीच प्रदेश कांग्रेस में कल दो नई नियुक्तियां की गई। राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार अर्की से विधायक संजय अवस्थी और धर्मपुर से विधायक चंद्र शेखर को वर्किंग प्रेसिडेंट नियुक्त किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह अपने पद पर बनी रहेंगी। इन दोनों कार्यकारी अध्यक्षों की नियुक्ति चुनाव के मध्य पार्टी में सामंजस्य स्थापित करने के लिए की गई हैं।

विधानसभा समितियां

प्रदेश विधानसभा में गठित विभिन्न समितियों में फेरबदल किया गया है। विधानसभा में 18 समितियों का गठन किया गया है। इस्तीफा दे चुके तीनों निर्दलीय विधायक इन

समितियों में शामिल किए गए हैं। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां बनाई गई इन समितियों में के एल ठाकुर को सबसे ज्यादा तीन समितियों कल्याण समिति, मानव विकास समिति और कार्य सलाहकार समिति में शामिल किया गया है। वहीं आशीष शर्मा को कल्याण समिति और सामान्य विकास समिति, जबकि होशियार सिंह प्राक्कलन समिति समेत स्थानीय निधि लेखा समिति के सदस्य बनाए गए हैं।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर....

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **दिव्य हिमाचल** के शब्द हैं **मंडी से प्रतिभा, हमीरपुर से राजयादा। पंजाब केसरी** का शीर्षक है **मंडी से प्रतिभा को ही उतारने की तैयारी, अगली बैठक में होंगे कैंडीडेट फाइनल। अमर उजाला** ने लिखा है **विधानसभा के बाद अब मंडी और कांगड़ा लोस क्षेत्रों में भाजपा में बगावत की आहट। दैनिक भास्कर** के शब्द हैं **टिकट न मिलने से नाराज नेताओं को मनाने में जुटी भाजपा। दैनिक जागरण** ने **कांग्रेस में दो नामों पर सहमति** शीर्षक से लिखा है मंडी से प्रतिभा सिंह व हमीरपुर से सतपाल रायजादा के नाम लगभग तय। **हिमाचल दस्तक** के शब्द हैं **मतभेद भुलाकर आपसी तालमेल के साथ आगे बढ़ेगी कांग्रेस पार्टी। दैनिक सवेरा टाइम्स** का कहना है **मंडी लोकसभा सीट से भाजपा का टिकट न मिलने पर पूर्व सांसद महेश्वर भी हुए नाराज।**

विधानसभा की तरफ से 3 निर्दलीय विधायकों को कारण बताओ नोटिस जारी पंजाब केसरी की एक खबर है।

मौसम की खबर को दैनिक भास्कर ने शीर्षक दिया है **प्रदेश में आज से 30 मार्च तक ओलावृष्टि, बारिश व अंधड़ का ऑरेंज अलर्ट।**